# रामपुर को मिली बड़ी सौगात, बनेगा औद्योगिक आस्थान

**जागरण संवाददाता, रामपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को रामपुर को बड़ी सौगात दी। लोकसभा उपचुनाव में भाजपा को जिताने के लिए रिटर्न गिफ्ट के रूप में उत्तराखंड की सीमा से लगे बिलासपुर क्षेत्र में औद्योगिक आस्थान बनाए जाने की घोषणा की। इससे यहां बड़े उद्योगों के आने का रास्ता साफ हो जाएगा। यहां सुविधाएं मिलने पर बड़े उद्यमी बिलासुपर का रूख कर सकते हैं। उनके आने से क्षेत्रीय लोगों को रोजगार के अवसर भी आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे।

रविवार को मुख्यमंत्री के मंच पर पहुंचने पर क्षेत्रीय विधायक व राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने दो मांगों को प्रमुखता से उठाया। इनमें एक बिलासपुर को औद्योगिक क्षेत्र बनाने और दूसरा चीनी मिल की स्थापना की थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन के दौरान बिलासपुर को औद्योगिक क्षेत्र बनाने संबंधी मांग पर सहमति जता दी। विकास योजनाओं पर विस्तार से अपनी बात रखते हुए उन्होंने अधिकारियों को निवेश करने वालों पर विशेष ध्यान देने को कहा। बताया कि इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। हजारों युवाओं को रोजगार मिल सकेंगे। वैसे बिलासपुर को औद्योगिक क्षेत्र बनाने के लिए प्रशासन काफी समय से प्रयासरत है। उद्योग विभाग जिला प्रशासन के माध्यम से इसका प्रस्ताव भी शासन को भिजवा चुका है। प्रशासन ने इसके लिए 50 एकड़ भूमि की व्यवस्था भी कर रखी है। जिला उद्योग केंद्र के उपायुक्त मुकेश कुमार ने बताया कि अभी भूमि ट्रांसफार्मर कराने के लिए प्रयास करना है। उसके बाद यूपीएसआइडी के नाम आने पर ले आउट व मेप तैयार होने पर प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी, लेकिन मुख्यमंत्री की घोषणा से बड़े उद्यमियों के आने के रास्ते खुल गए हैं। इससे क्षेत्र का तेजी से विकास हो सकेगा।



औद्योगिक आस्थान में तमाम सरकारी सुविधाएं मिलेंगे। फैक्ट्रियों से निकलने वाले कचरे के निस्तारण के लिए ट्रीटमेंट प्लांट भी लगेगा। नई फैक्ट्री लगाने के लिए सरकार की ओर से अनुदान मिलेगा। साथ ही बिजली, पानी, टैक्स में छूट मिलेगी। इसलिए नए उद्योग लगाने में काफी सुविधाएं मिल सकेंगी।

**विपिन गुप्ता, अध्यक्ष इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन रामपुर।**



मुख्यमंत्री उद्योगों को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दे रहे हैं। उन्होंने उद्यमियों की समस्याओं को गंभीरता से लिया है। रामपुर में उद्योग लगाने के लिए जगह नहीं है। उद्योगिक आस्थान बनने से नए उद्योगों के लिए प्रर्याप्त स्थान मिलेगा। बाहर के लोग भी उद्योग ईकाई लगाएंगे। यह क्षेत्र उत्तराखंड की सीमा से सटा है, इसलिए रुद्रपुर की ईकाई यहां पर आएंगी। होटल लगाने पर भी अनुदान मिलेगा।

**श्रीष गुप्ता, सचिव इंडस्ट्रीज एसो.।**

## मुख्यमंत्री की बैठक में रामपुर के उद्यमी भी पहुंचे, उठाई समस्याएं

**रामपुर :** रामपुर कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुरादाबाद में मूढ़ा पांडेय हवाई पट्टी पर उद्यमियों व निर्यातकों के साथ बैठक की। इस बैठक में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन रामपुर के अध्यक्ष विपिन गुप्ता, एसके गुप्ता, विरेंद्र कुमार जिंदल, श्रीष गुप्ता, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, कपिल आर्य, विष्णु कपूर व सुरेंद्र सिंह चूंडावत ने भाग लिया।

इस दौरान उद्यमियों ने मैंथा संबंधी समस्या उठाते हुए मुख्यमंत्री को बताया कि मैंथा पर मंडी शुल्क लगता है। बाराबंकी से माल आते समय परेशानी आती है। प्लाइवुड फैक्ट्रियों के सामने आ रही दिक्कतों को भी उठाया गया। उद्योगों को 24 घंटे बिजली देने और सिंगल विंडो सिस्टम को और अधिक प्रभावी बनाने की बात कही। मुख्यमंत्री ने सभी प्रकार की दिक्कतों को लिखित रूप में प्रशासन अथवा भाजपा पदाधिकारियों के माध्यम से भिजवाने के लिए कही।